PSBB LEARNING LEADERSHIP ACADEMY
CLASS - VIII
SUBJECT- HINDI II LANGUAGE
Mid term Revision worksheet

प्रश्न -1दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए-

(i) उसे अपने आप पढ़ने दो।

क) पुरुषवाचक ख) प्रश्नवाचक

ग) निजवाचक घ)निश्चयवाचक

(ii) जो मेहनत करता है, उसे सफलता मिलती है।

क) संबंधवाचक ख) अनिश्चयवाचक

ग) निश्चयवाचक घ) प्रश्नवाचक

प्रश्न-2 विशेषण के उदाहरण वाले विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-

(i) संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण है.........

क) राधिका की आवाज़ बहुत मीठी है।

ख) कुर्ते के लिए चार मीटर कपड़ा चाहिए।

ग) आज कक्षा में तीस बच्चे उपस्थित है।

घ) यह फूल बहुत सुंदर हैं।

(ii) सार्वनामिक विशेषण का उदाहरण है..........

क) यह घर देखने लायक है।

ख) बाहर कुछ लोग खड़े हैं।

ग) रमेश ने एक किलो चीनी खरीदा ।

घ) आसमान का रंग नीला है।

प्रश्न-3 विकल्पों में से सही कारक चिह्न को चुनकर लिखिए-

(i) जंगल..........मोर नाच रहा है ।

क) में ख) को

ग) पर घ) के लिए

(ii) आसमान...........तारे टूटे ।

क) का ख) से

ग) के लिए घ) पर

प्रश्न-4 उपसर्ग- प्रत्यय के सही विकल्प को चुनकर लिखिए-

(i) 'अनु' उपसर्ग वाला शब्द है ............

क) अपमान ख) अनुरूप

ग) अनदेखा घ) अनजान

(ii) 'इत' प्रत्यय वाला शब्द है............

क) सम्मानित   ख) धार्मिक

ग) वैज्ञानिक   घ) कथनीय

प्रश्न-5 मुहावरों के अर्थ लिखिए-

क) अंधे के आगे रोना   ख) आकाश पाताल का अंतर होना

प्रश्न-6 दिए गए शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

क) अतिथि   ख) अमृत

प्रश्न-7 दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

क)अनुज   ख)आस्तिक

प्रश्न-8 दिए गए अनेकार्थी शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए-

क) अर्क   ख) चढ़ाई

प्रश्न-9 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-

क) जो कम खाता हो   ख) जो पहले न हुआ हो

प्रश्न-10 दिए गए सम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए-

क) कलि, कली   ख) कंगाल, कंकाल

प्रश्न-11 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-

क) राजा ने दरबारियों को क्या काम सौंपा?

ख) महाराज का स्वास्थ्य क्यों बिगड़ता जा रहा था ?

ग) भ्रष्टाचार को ढूंढने का काम किसे सौंपा गया?

घ) 'अंबर की बातें क्या जानूं' कविता में धरती और अंबर किसके प्रतीक हैं ?

ङ) नभ धरती के प्राण कैसे कंपाता है ?

च) बिजली के गायब होने का पता लेखक को कैसे चला ?

छ) लेखक को कैसे बिस्तर पर सोना पड़ा?

प्रश्न-12 दिए गए प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए-

क) डोंगीवाले पानी में फंसे लोगों की मदद कैसे कर रहे थे ?

ख) घर के भीतर पानी भर जाने का अहसास लेखक को कब हुआ ?

ग) साधु ने सदाचार और भ्रष्टाचार के विषय में क्या कहा ?

घ) महाराज को झंझट को क्या समाधान सुझाया गया ?

ङ) 'अंबर की बातें क्या जानूं' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए ।

च) 'अंबर की बातें क्या जानूं' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए ।